भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2148
15 दिसम्बर, 2023 को उत्तर के लिए

'डेयर टू ड्रीम' योजना

2148. श्री जी. एम.सिद्देश्वर :
श्रीमती पूनम महाजन :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान रक्षा और एयरोस्पेस के क्षेत्र में नवाचार के लिए व्यक्तियों और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 'डेयर टू ड्रीम' योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा क्या है;

(ख) प्राप्त आवेदनों में से कितनी परियोजनाओं का आबंटन किया गया है;

(ग) योजना के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों/कंपनियों के चयन-मानदंड क्या हैं; और

(घ) उक्त योजना के तहत चयनित व्यक्तियों/कंपनियों को किस प्रकार लाभ मिल रहा है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान डेयर टू ड्रीम (डी2डी) प्रतियोगिताओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का ब्यौरा नीचे सूची में दर्शाया गया है:-

क्र. सं.	**डेयर टू ड्रीम (डी2डी) प्रतियोगिता**	**प्रतियोगिता का वर्ष**	**प्राप्त आवेदनों की संख्या**
1	डेयर टू ड्रीम -1	2019	3080
2	डेयर टू ड्रीम -2	2020	1750
3	डेयर टू ड्रीम -3	2021	819
4	डेयर टू ड्रीम -4	2023	792

(ख) डेयर टू ड्रीम (डी2डी) 1.0 (2019), डी2डी 2.0 (2020) और डी2डी 3.0 (2021) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है, जिनमें 5600 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे तथा जिनमें से 86 प्रौद्योगिकियों/योजनाओं को मान्यता प्रदान की गई है और अलग-अलग नवोन्मेषकों तथा स्टार्टअप्स को 3.97 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) टीडीएफ योजना के माध्यम से सर्वोत्तम पुरस्कार प्राप्त योजनाओं को प्रोटोटाइप में साकार करने के लिए भी सहायता प्रदान करता है। स्टार्टअप श्रेणी के डेयर टू ड्रीम विजेताओं को टीडीएफ योजना के तहत 6.93 करोड़ रुपये की लागत से कुल 08 परियोजनाएं प्रदान की गई हैं।

(ग) अलग-अलग नवोन्मेषक (18 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय नागरिक) और स्टार्टअप्स (डीपीआईआईटी और भारतीय संस्थापक के साथ पंजीकृत) डी2डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र हैं। डी2डी प्रतियोगिता के अंतर्गत प्राप्त प्रविष्टियों/आवेदनों का मूल्यांकन दो चरणों की प्रक्रिया द्वारा किया जाता हैः-

(i) महानिदेशक (संबंधित तकनीकी क्लस्टर) की अध्यक्षता में डोमेन विशेषज्ञ समिति द्वारा जांच की गई।

(ii) स्वतंत्र विशेषज्ञ समिति द्वारा शॉर्टलिस्ट एवं रैकिंग की गई। चयन मानदण्डों में नवीनता, प्रयोज्यता, कार्यान्वयन क्षमता, तकनीकी योग्यता और परिपक्वता शामिल हैं।

(घ) डेयर टू ड्रीम विजेताओं को वैयक्तिक एवं स्टार्टअप श्रेणियों में नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाता है। विजेताओं को प्रोत्साहित किया जाता है और उनकी योग्यता और व्यवहार्यता के आधार पर डीआरडीओ (रक्षा मंत्रालय) की प्रौद्योगिकी विकास निधि योजना (टीडीएफ) के तहत प्रोटोटाइप की प्राप्ति के लिए निधियन पर विचार किया जाता है।

*****